प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर दी विनम्र श्रद्धांजलि : कहा– सुशासन, विकास और राष्ट्रवादी मिशन को बढ़ाने के लिए याद किया जाएगा 'बाबू जी' का कार्यकाल।
2. प्रदेश सरकार ने पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का किया एलान।
3. प्रयागराज माघ मेले में भक्तों के पवित्र स्नान का सिलसिला जारी : वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आज से हुई पंच कोसी परिक्रमा की शुरुआत।

और

4. प्रदेश के अधिकांश ज़िले भीषण ठंड और कोहरे की चपेट में, इटावा में 2.4 डिग्री तक गिरा पारा : मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में पश्चिमी और पूर्वी जनपदों में घने कोहरे का जताया अनुमान।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने लिखा कि प्रधानमंत्री मार्गदर्शन नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और अधिक

गति प्रदान करने के लिए सदैव नवीन ऊर्जा का संचार करता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह ने अपने नाम की तरह ही प्रदेश के कल्याण के लिए हमेशा काम किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह का कार्यकाल उत्तर प्रदेश को सुशासन के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए जाना जाएगा। बाइट......

*श्रद्धेय बाबू जी का उत्तर प्रदेश सरकार के रूप में कार्यकाल सुशासन के लिए विकास के लिए राष्ट्रवादी मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा जाना जाएगा और आज यही कारण है हर भारतवासी बाबूजी को इसी रूप में याद करता है। अपने नाम को उत्तर प्रदेश के कल्याण के साथ जोड़ करके वे सार्थक करते रहे।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के नाम सोशल मीडिया पर एक पत्र में कहा कि पुलिस या अन्य कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, वॉट्सऐप या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती है और न ही पैसे की मांग करती है। उन्होंने लोगों से जागरूक बनने और अपने आसपास के लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की है।

————————

उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती–2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। सोधी भर्ती–2025 के अंतर्गत कुल 32 हजार 679 पदों को भरे जाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। यह फैसला 31 दिसंबर 2025 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के अनुक्रम में 5 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश के माध्यम से लागू किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो आयु सीमा के कारण अब तक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे।

————————

वर्ष 2025 देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ है। इस दौरान नीतियां प्रगति में और संकल्प प्रभाव में बदले हैं। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज हम प्रस्तुत कर रहे हैं ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष हुई प्रगति।

*2025 में बिजली, परमाणु ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और रणनीतिक खनिजों से जुड़े लंबे समय से लम्बित सुधारों को ज़मीन पर लागू किया गया। 2025 में शांति विधेयक के पारित होने के साथ ही भारत के नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दशकों से चली आ रही रुकावट समाप्त हुई।*

*(बाइट–प्रधानमंत्री)*

*हम नए–नए डैम बना रहे हैं, ताकि हाइड्रो का विस्तार हो और हमें क्लीन एनर्जी की उपलब्ध हो। न्यूक्लियर एनर्जी में 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर तेजी से काम कर रहे हैं। 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता, 10 गुणा से भी*

*अधिक बढ़ाने के संकल्पम को ले करके आगे बढ़ रहे हैं। अब हमने प्राइवेट सेक्टरर के लिए भी परमाणु ऊर्जा के द्वार खोल दिए हैं।*

*नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी 2025 में भारत की वैश्विक नेतृत्व की भूमिका और मजबूत हुई। बड़े सौर पार्कों और पवन ऊर्जा परियोजनाओं से लेकर पी.एम. सूर्य घर योजना और किसानों के लिए पी.एम. कुसुम योजना तक स्वरच्छ. ऊर्जा का विस्ता र घरों, खेतों और उद्योगों तक पहुंचा। सौम्या शरण के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वमपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस विशेष श्रृंखला में आज प्रस्तुत है उत्तर प्रदेश में–रोजा–सीतापुर छावनी–बुढ़वल रेल दाहरीकरण परियोजना की रिपोर्ट.....**

*उत्तर प्रदेश में रोजा–सीतापुर–कंटोनमेंट–बुढ़वल रेल का दोहरीकरण, रेल मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण परियोजना थी। इसकी लंबाई 180 किलोमीटर है। इस परियोजना को 1 मार्च 2015 को 2560 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृति मिली थी। परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान वैधानिक स्वीकृतियों और भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण, समय–सीमा प्रभावित हो रही थी। इसके बाद, इस विषय की समीक्षा जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्रर मोदी की अध्यक्षता में प्रगति मंच पर की गई। प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप के कारण यह परियोजना 13 फरवरी 2024 को पूरी हुई। दीपेन्द्रय कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रयागराज में संगम तट पर आयोजित माघ मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। आज मेले में पांच दिवसीय पंचकोसी परिक्रमा का शुभारंभ किया गया। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की ओर से आयोजित पंचकोसी परिक्रमा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और गंगा पूजन के साथ हुई। वहीं मेले में देश भर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए मेले में व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*राज्य के विभिन्न ज़िलों से माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन ने करीब 3800 बसें चलाई हैं। इसके अलावा मेला परिसर तक पहुंचने और मेला क्षेत्र में भ्रमण के लिए पर्याप्त ई–बसें, ई–रिक्शों की व्यवस्था की गई है। आपात स्थितियों से निपटने के लिए 17 फायर स्टेशन बनाए गए हैं। जबकि स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए लगभग 3300 सफाईकर्मी भी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालओं की बड़ी संख्या के मद्देनज़र जल पुलिस, गोताखोर, एनडीआरएफ , एसडीआरएफ,*

*और आरएएफ के जवानों की भी तैनाती की गई है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

—————————

संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी पहुंच रहे हैं। काशी पहुंचने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के प्रबंधन के लिए यातायात पुलिस ने खास इंतज़ाम किए हैं। वाराणसी के ए.डीसीपी यातायात अंशुमान मिश्रा ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर दो से चार लाख लोगों के काशी पहुंचने की उम्मीद है। वहीं महापर्व महाशिवरात्रि के दिन करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के दशाश्वमेध घाट, अस्सी घाट, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर आने की उम्मीद है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन के लिए यातायात को सुव्यवस्थित बनाए रखने लिए विशेष योजना बनाई गई है।

—————————

राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आधुनिक विरासत के दर्शन पर्यटक अब इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस में कर सकेंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल सुबह 10 बजे 1090 चौराहे से लखनऊ दर्शन बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह पहल न केवल लखनऊ की विरासत को नए अंदाज़ में प्रस्तुत करेगी, बल्कि सतत पर्यटन को भी सशक्त बनाएगी। लखनऊ दर्शन बस सेवा

पर्यटकों के लिए सुबह साढ 8 से साढ़े 11 और शाम चार बजे से 7 बजे तक उपलब्ध होगी।

——————————

लखनऊ ,जौनपुर फर्रुखाबाद, बलिया समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए संबधित विभागों के अधिकारियोंको आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान दिवस पर मुख्य रूप से जमीनी विवाद, बिजली, पानी और राजस्व संबंधित समस्याओं की सुनवाई हुई।

——————————

प्रदेश के अधिकांश ज़िले भीषण ठंड और कोहरे की चपेट में हैं। बीते 24 घंटों में 2 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ इटावा राज्य का सबसे ठंडा जिला रहा। वहीं गोरखपुर, आज़मगढ़ औऱ बलिया में बेहद घने कोहरे के कारण विज़िबिलिटी 50 मीटर से कम दर्ज की गई । जबकि वाराणसी, कानपुर, लखनऊ में दृश्यता 200 मीटर से कम रही। कोहरे के कारण ट्रेनें और उड़ानें भी देरी से संचालित हो रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने वाराणसी, गाजीपुर, आज़मगढ़, देवरिया, बस्ती कुशीनगर समेत प्रदेश के पूर्वी औऱ पश्चिमी हिस्से के करीब 30 जनपदों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)